POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/प्रेस विज्ञप्ति – दिनांक 01.09.2024

थाना एक्सप्रेसवे पुलिस द्वारा शराब तस्कर 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध अंग्रेजी शराब व प्लाई से लदा टाटा ट्रक बारह चक्का वाहन जिसमें अंग्रेजी शराब कुल 570 पेटी इम्पीरियल ब्लू मार्का व्हिस्की (मात्रा 5065 लीटर) कुल कीमत लगभग 01 करोड़ रूपये बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **01.09.2024** को थाना एक्सप्रेसवे पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे सिंगल सर्विस रोड पर छपरौली कट के पास से अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी गली नं0 7 न्यू शिमलापुरी सतगुरू नगर थाना डाबा जिला लुधियाना पंजाब उम्र 36 वर्ष को अवैध अग्रेजी शराब व प्लाई से लदा टाटा ट्रक बारह चक्का जिसमें अवैध अग्रेजी शराब कुल 570 पेटी कुल 5065 लीटर **कीमत लगभग 01 करोड़ बरामद।**

अपराध का तरीका- गिरफ्तार अभियुक्त सुनील कुमार ने बताया कि इन दिनों बिहार में शराब बंदी लागू है एवं पंजाब, हरियाणा एवं चण्डीगढ में मदिरा अत्यधिक सस्ती है, इसी का लाभ उठाने व आगामी दीपावली पर्व व अन्य तरह के अवकाशों के मौके का सटीक फायदा उठाने के लिए मैं व मेरे सहयोगी चण्डीगढ से सस्ती अंग्रेजी शराब भरकर बडी गाडियों में शराब बिहार ले जाते हैं और मोटा मुनाफा कमाते हैं। इस बार मैंने दिनांक 29.08.2024 की रात्रि में प्लाई बोर्ड के बीच में छुपाकर 570 पेटी अंग्रेजी शराब चण्डीगढ से ट्रक में लदवाई और हमेशा की तरह रास्ता बदल-बदल कर चलने के क्रम में इस बार में दिल्ली में प्रवेश करके और नोएडा में सेक्टर के मुख्य मार्गों से व एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड से जा रहा था तो पुलिस ने मुझे पकड लिया। यहां से आगे मैं पैरीफेरल मुरादाबाद के रास्ते से बिहार जाने वाला था। इसमें करीब 40-50 लाख का फायदा होता।

अभियुक्त का विवरण-

1. सुनील कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी गली नं0 7 न्यू शिमलापुरी सतगुरू नगर थाना डाबा जिला लुधियाना पंजाब उम्र 36 वर्ष।

बरामदगी का विवरण--

अवैध अग्रेजी शराब व प्लाई से लदा टाटा ट्रक बारह चक्का वाहन सं0 UP25AT7851 जिसमें अवैध अग्रेजी शराब कुल 570 पेटी जिसमें 166 पेटी, 1992 बोतल, व 223 पेटी 5352 अध्धे व 181 पेटी 8688 पव्वे सभी इम्पीरियल ब्लू मार्का बिस्की FOR SALE IN U.T CHANDIGARH ONLY, कुल मात्रा 5065 लीटर, कुल कीमत बरामद अबैध अंग्रेजी शराब व 12 चक्का ट्रक **रुपये करीब (01 करोड़)**।

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0 154/24 धारा 60/63/72 आबकारी अधि0 थाना एक्सप्रेस-वे